संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2024

दिनांक: 12 अप्रैल, 2024

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक **21 अप्रैल, 2024 (रविवार)** को देशभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों/स्थलों पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा (I), 2024 का आयोजन करेगा। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए आयोग ने ई-प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट (**https://upsconline.nic.in**) पर अपलोड किए हैं। **प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे उक्त परीक्षा के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट ले लें।** ई-प्रवेश पत्र को रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी परीक्षा (I) 2024 के अंतिम परिणाम की घोषणा तक सुरक्षित रखा जाना चाहिए। परीक्षा के लिए कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार ई-प्रवेश पत्र के साथ संलग्न "उम्मीदवारो के लिए महत्वपूर्ण निर्देश" को ध्यानपूर्वक पढ़े।

2° **प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा। कोई उम्मीदवार, जो आबंटित स्थल पर जाँच के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।** उम्मीदवार को वह फोटो पहचान पत्र, जिसका क्रमांक ई-प्रवेश पत्र में अंकित हो, प्रत्येक सत्र में साथ लाना होगा।

3° ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल आईडी usnda-upsc@nic.in के माध्यम से सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामलों में निर्णय लिया जा सके।

4° उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

5° यह भी ध्यान रखा जाए कि पूर्वाह्न सत्र 10.00 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक आयोजित होगा तथा अपराह्न सत्र अपराह्न 2.00 बजे से सायं 4.30 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा-स्थल पर उम्मीदवारों का प्रवेश परीक्षा आरम्भ (प्रत्येक सत्र में) होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जायेगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6° उम्मीदवारों को परीक्षा भवन परिसर में कोई भी मूल्यवान/कीमती सामान, मोबाइल फोन, स्मार्ट/डिजिटल वॉच, अन्य आईटी गैजेट, किताबें, बैग आदि के साथ में प्रवेश करने की अनुमति नहीं हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ प्रतिबंधित

वस्तुएं न लाएं क्योंकि परीक्षा स्थल पर्यवेक्षक इन वस्तुओं को रखने का कोई प्रबंध नहीं करेंगे। यदि कोई उम्मीदवार ऐसी कोई प्रतिबंधित वस्तु लाता है, तो उस वस्तु को परीक्षा स्थल के बाहर रखने का प्रबंध उसे स्वयं करना होगा और इस संबंध में हुई किसी भी क्षति के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल में ई-प्रवेश पत्र, पेन, पेंसिल, पहचान प्रमाण, फोटोग्राफ और ई-प्रवेश पत्र के अनुदेशों में यथा निर्दिष्ट अन्य वस्तुओं को लाने की अनुमति होगी। परीक्षा स्थल के भीतर अन्य किसी वस्तु को साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7° परीक्षा स्थल के भीतर मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड़ में भी) और अन्य इलेक्ट्रॉनिक/संचार यंत्र अथवा कोई अन्य आपत्तिजनक सामग्री (ई-प्रवेश पत्र, कागजात, इरेज़र आदि पर नोट) अपने पास रखने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी अनुदेश का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसमें उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करना, उम्मीदवार की विरुद्ध एफआईआर/पुलिस शिकायत दर्ज करना या परीक्षा के अगले (सत्र) सत्रों में प्रवेश पर प्रतिबंध आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त, आयोग परीक्षा नियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार कोई अन्य उचित कार्रवाई भी कर सकता है।

8° उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा कक्ष में परीक्षा देने के लिए **काला बॉल पॉइंट पेन** लेकर आएं।

9° इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा, इस परीक्षा के आयोजन की तारीख के साथ (07) दिनों की अवधि के भीतर केवल "ऑन-लाइन प्रश्न-पत्र अभ्यावेदन पोर्टल" [Online Question Paper Representation Portal (QPRep)"] के यूआरएल https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। आयोग द्वारा किसी अन्य माध्यम से तथा उक्त अवधि के बाद प्राप्त कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10° उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/हॉल के अंदर केवल सामान्य या साधारण कलाई घड़ियों के इस्तेमाल की अनुमति है। किसी विशेष सहायक एक्सेसरी से युक्त घड़ियां जिनका संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है अथवा स्मार्ट/डिजिटल घड़ियों का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित हैं।

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110069